विवरण

संभावित खर्च का जिलावार ब्यौरा

(लाख रू० में)

क्र० सं०	जिला	संभावित स्थानों की संख्या	अनुमानित राशि
1.	बस्तर	7	119.0
2.	सरगुजा	1	17.0
3.	शहडोल	1	17.0
4.	रायपुर	1	17.0
5.	मांडला	2	34.0
6.	मुरैना	1	17.0
7.	रायगढ़	2	34.0
8.	बालाघाट	1	17.0
9.	झबुआ	2	34.0
10.	मंदसौर	1	17.0
11.	टीकमगढ़	1	17.0
12.	देवास	1	17.0
13.	धार	2	34.0
14.	होशंगाबाद	1	17.0
		जोड़ रू०	408.00
	भिलाई में एक हब केन्द्र	रू०	418.00
		सकल जोड़ रू०	826.00

Repairing of Instruments by MTNL

5416. SHRI INDER KUMAR GUJRAL: Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state:

(a) whether it is a fact that MTNL is not repairing the instruments provided by it at the premises of telephone subscribers;

(b) whether it is also a fact that wherever required, these instruments are not changed, with the result faults continue; and

(c) if so what are the reasons therefor and what steps Government propose to take in the matter?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) and, (b) No, Sir. MTNL is repairing|replacing the telephone, instruments provided by it whenever they are reported and found faulty.

(c) Question does not arise.

Purchase of Telephone Instruments by Subscribers in Madras

5417. SHRI S. MADHAVAN: Will the Minister of COMMUNICATIONS! be pleased to state:

(a) whether the scheme requiring telephone applicants to buy their own instruments and do the internal wiring, is being implemented in Madras, and if not, the reasons therefor; and

(b) what are the steps taken to give new connections in Madras during 1995-96?

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM): (a) Yes Sir, It is proposed to implement the scheme from 1.7.1995.

(b) It is programmed to provide additional capacity of 1,25,000 new connections in Madras during 1995-96. Necessary equipments, materials and funds required for providing these connections are being made available, to Modras.

विदेश संचार निगम लिमिटेड के अधिकारियों का गैर-सरकारी कम्पनियों में जाना

5418. **श्री जनेश्वर मिश्र** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि विदेश संचार निगम और अन्य संचार निगमों के बड़े-बड़े अधिकारी गैर-सरकारी कंपनियों की ओर भाग रहे हैं, यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ;

(ख) इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार ने क्या योजना बनायी है ;

(ग) क्या इस तरह की पलायन संबंधी जानकारी मिलने के बाद सरकार ने इसके कारणों की खोज-बीन की है, यदि हां, तो उसके निदान का क्या उपाय किया है ; और

(घ) इससे उपभोक्ता सेवाएं किस रूप में प्रभावित होंगी ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) : (क) सरकार को इस बात की जानकारी नहीं है कि विदेश संचार निगम लि0 और अन्य संचार निगमों के बड़े-बड़े अधिकारी गैर-सरकारी कंपनियों की ओर भाग रहे है । विदेश संचार निगम लि0 में कुल लगभग 90 अधिकारियों में से केवल 2 वरिष्ठ अधिकारियों ने अभी हाल में निजी कारणों से इस्तीफा दिया है ।

(ख) से (घ) उपर्युक्त भाग "क" के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

उत्तराखण्ड आन्दोलन के कारण दूरसंचार विभाग को हुआ घाटा

5419. **प्रो0 राम लखन सिंह वर्मा** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले तीन वर्षों के दौरान उत्तराखण्ड आन्दोलन के कारण दूरसंचार विभाग को वर्ष-वार कितना घाटा उठाना पड़ा है ;

(ख) इस आन्दोलन के कारण दूरसंचार और डाक प्रणाली कितनी प्रभावित हुई ; और

(ग) उस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री सुखराम) (क) से (ग) सूचना एकत्र की जा रही है और इसे सभा पटल पर रख दिया जाएगा ।